**International Journal of Multidisciplinary Research and Development**
**Online ISSN: 2349-4182, Print ISSN: 2349-5979, Impact Factor: RJIF 5.72**
**www.allsubjectjournal.com**
**Volume 3; Issue 8; August 2016; Page No. 329-332**

# विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन

**[1] डॉ0 मुरलीधर मिश्रा, [2] उर्वशी शर्मा**

[1] एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा संकाय, वनस्थली विद्यापीठ, टोंक, राजस्थान, भारत।

[2] एम.एड. छात्रा, शिक्षा संकाय, वनस्थली विद्यापीठ, टोंक, राजस्थान, भारत।

**सारांश**

विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि का वर्णन व व्याख्या करने के लिए सर्वेक्षण अध्ययन की वर्णनात्मक विधि 'वर्णनात्मक सर्वेक्षण' विधि उपयोग किया गया। न्यादर्श में वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 56 तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययन करने के साथ-साथ एकल खेलों में सहभागिता लेने वाली की 86 खिलाड़ियों का चयन न्यादर्श चयन की 'यादृच्छिक' विधि से किया गया। प्रदत्तों के संकलन हेतु 'कुमारी एवं अन्य (2014)' द्वारा निर्मित एवं प्रमापीकृत 'आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण' का उपयोग किया गया। सांख्यकीय विश्लेषण के लिए काई वर्ग परीक्षण का उपयोग किया गया। इस अध्ययन में यह पाया गया कि विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि में सार्थक भिन्नता नहीं पायी जाती है। विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों में आध्यात्मिक बुद्धि के वितरण की पद्धति में समानता है।

**मुख्य शब्द:** विद्यालय स्तर, विश्वविद्यालय स्तर, एकल खेल, महिला खिलाड़ी, आध्यात्मिक बुद्धि

## प्रस्तावना

एक शरीरधारी के रूप में स्वयं के आयामों के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता आध्यात्मिक बुद्धि के फलस्वरूप होती है, इसलिए आध्यात्मिक बुद्धि को मन, शरीर और आत्मा के योग रूप में परिभाषित जाता है। सिम्पकिंस (2004) के अनुसार आध्यात्मिक बुद्धि धर्म पर आधारित नहीं होती है ना ही धर्म पर इसकी नींव है। इसके विपरीत इसे सच्चाई, रचनात्मकता, सहानुभूति के सभी स्तरों के प्रति सम्मान की कसौटी पर अनुपातित किया जाता है। ज़ोहर और मार्शेल (2000) के अनुसार आध्यात्मिक बुद्धि हमें अचेतन संभावनाओं अच्छाई और बुराई के साथ संघर्ष और कल्पना में अन्तर करने की क्षमता देती हैं। यह हमारे भीतर छिपे हुऐ असत्य की संभावनाओं के लिए उन गहरी परतों से परे तक पहुँचने के लिए हमारी स्वतः स्फूर्त मदद करती है। खावारी (2000) के अनुसार आध्यात्मिक बुद्धि उच्चतम क्षमता प्राप्त की एक कुंजी रखती है। वॉघन (2003) के अनुसार आध्यात्मिक बुद्धि की जानकारी से अभिप्राय है कि यह बुद्धि के उन अनेक प्रकारों में से एक है जिनका उपयोग ज्ञान प्राप्ति के लिए या सीखने के विविध तरीकों, अन्तर्मन और अन्तर्रात्मा को संसार के बाहरी जीवन से जोड़ने के लिए किया जा सके।

लेविन (2000) के अनुसार आध्यात्मिक बुद्धि हमारे भीतर अंतर्निहित सहज्ञान से उत्पन्न वह गुण है जिसका उपयोग अवास्तविक सम्भावनाओं को देखने एवं उन्हें जानने एवं जीवन की बैचैनी को कम करने के लिए किया करते हैं। इसका उपयोग कष्ट को समझने, जीवन से सम्बन्धित मूलभूत दार्शनिक प्रश्नों का उत्तर देने के लिए करते हैं। कुमारी एवं अन्य (2014) के अनुसार आध्यात्मिक बुद्धि अंतर्ज्ञानात्मक रूप में हमारे गहन ज्ञान से उत्पन्न अन्तर्प्रज्ञा एवं गुण है, जिसमें आत्मचेतना, मूल्यचेतना, विवेकशीलता, आत्मसम्मान एवं विश्वास आदि तत्व होते हैं।

मिश्रा एवं गुप्ता (2013, 2014 एवं 2014 अ) ने अपने अध्ययनों में आध्यात्मिक बुद्धि के संदर्भ में महिला एवं पुरुष, ग्रामीण एवं शहरी, राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की प्रभावशीलता का अध्ययन किया। मिश्रा एवं शर्मा (2014) ने एकल तथा सामूहिक खेल खेलने वाले खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि की तुलनात्मक अध्ययन किया। शर्मा एवं मिश्रा (2016) ने विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत सामूहिक खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि की तुलनात्मक अध्ययन किया।

सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन के आधार पर शोधकर्ता द्वय के समक्ष विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि से संबंधित प्रश्न उत्पन्न हुए, यथा- विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों में आध्यात्मिक बुद्धि के वितरण की स्थिति कैसी है? क्या विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली सभी खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि का स्तर एक समान होता है? क्या आध्यात्मिक बुद्धि विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने के विनिश्चन की एक संकेतक है? इन प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एवं एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन किया गया।

## अध्ययन उद्देश्य

प्रस्तुत अध्ययन निम्नांकित उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया गया है-
विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

## प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दावली

इस अध्ययन में प्रयुक्त तकनीकी शब्दों परिभाषीकरण इस प्रकार है-

(क) **विद्यालय स्तर पर अध्ययनरत -** इस अध्ययन में विद्यालय स्तर पर अध्ययनरत से तात्पर्य कक्षा 9 से 12 स्तर तक की कक्षाओं में अध्ययनरत होने से है।

(ख) **विश्वविद्यालय स्तर-** इस अध्ययन में विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत से तात्पर्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक की कक्षाओं में अध्ययनरत होने से है।

(ग) **एकल खेल-** प्रस्तुत अध्ययन में एकल खेल से तात्पर्य उस खेल से है जिसमें कोई एक खिलाड़ी किसी एक खिलाड़ी के विरुद्ध खेलता है। जैसे - जूड़ो, कराटे, एथेलेटिक्स, तैराकी, घुड़सवारी, टेनिस, टेबल-टेनिस एवं बेडमिण्टन।

(घ) **आध्यात्मिक बुद्धि-** आध्यात्मिक बुद्धि अन्तर्ज्ञानात्मक रूप में हमारे गहन ज्ञान से उत्पन्न अन्त:प्रज्ञा एवं गुण है, जिसमें आत्मचेतना, मूल्यचेतना, विवेकशीलता, आत्मसम्मान एवं विश्वास आदि तत्व होते हैं। प्रस्तुत अध्ययन

में मिश्रा एवं अन्य (2014) द्वारा निर्मित एवं प्रमापीकृत आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण' जिसका मापन करता है, वह आध्यात्मिक बुद्धि है।

### अध्ययन विधि
प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना था। अतः प्रस्तुत शोध की प्रकृति 'यथा स्थैतिक' होने के कारण शोध अध्ययन की सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया। इन खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि का वर्णन व व्याख्या करने के लिए 'वर्णनात्मक सर्वेक्षण' विधि उपयोग किया गया।

### जनसंख्या एवं न्यादर्श
वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययन करने के साथ-साथ एकल खेलों में सहभागिता लेने वाली सभी खिलाड़ी प्रस्तुत शोध अध्ययन की जनसंख्या थी। अध्ययन के न्यादर्श में एकल खेल खेलने वाली 142 खिलाड़ियों (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 56 तथा विश्वविद्यालय स्तर की 86) का चयन न्यादर्श चयन की 'यादृच्छिक' विधि से किया गया।

### शोध उपकरण
प्रस्तुत अध्ययन की पूर्ति हेतु 'कुमारी एवं अन्य (2014)' द्वारा निर्मित एवं प्रमापीकृत 'आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण' का उपयोग शोध उपकरण के रूप में किया गया। इस परीक्षण में आध्यात्मिक बुद्धि के प्रत्येक तत्व (आत्म चेतना, मूल्य चेतना, आत्म सम्मान, विवेकशीलता और विश्वास) से सम्बन्धित आठ-आठ पद सहित से कुल 40 पद हैं। इसका विश्वसनीयता गुणांक 0.815 है। आध्यात्मिक बुद्धि के तत्वों के बीच विश्वसनीयता का गुणांक 0.568 से 0.845 के मध्य है। आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण के सभी उप परीक्षणों में सम्मिलित पदों की उपयुक्तता के बारे में विषय-विशेषज्ञों की द्वारा दी गयी श्रेणियों के आधार पर इस 'आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण' की वैधता उच्च स्तर की स्वीकार की गयी है।

### प्रदत्तों की प्रकृति
एकल खेलों में सहभागिता लेने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि के प्रदत्त अंकों में प्राप्त हुए। इन अंकों के आधार पर खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि स्तरों- उच्च, सामान्य एवं निम्न में आवृत्तियों की गणना की गयी। इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन में प्रदत्तों की प्रकृति 'मात्रात्मक' प्रकार की रही।

### अध्ययन का परिसीमन
1. यह अध्ययन राजस्थान राज्य में स्थित आवासीय शैक्षिक संस्थान वनस्थली विद्यापीठ, में अध्ययनरत एवं एकल खेलों में सहभागिता लेने वाली छात्रा खिलाड़ियों पर किया गया।
2. प्रस्तुत अध्ययन में आध्यात्मिक बुद्धि का अध्ययन कुमारी एवं अन्य (2014) द्वारा निर्मित एवं प्रमापीकृत आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण' की सहायता से किया गया।
3. आध्यात्मिक बुद्धि स्तर में खिलाड़ियों के वितरण के परिकलित काई वर्ग मान के सार्थक होने या सार्थक नहीं होने को विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि की तुलना का मुख्य आधार बनाया गया।

### प्रयुक्त सांख्यिकीय प्रविधियाँ
प्रस्तुत अध्ययन में एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों के आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण पर प्राप्तांकों के आधार पर विभिन्न आध्यात्मिक बुद्धि स्तरों (उच्च, सामान्य, निम्न) में आवृत्तियों की गणना की गयी। आवश्यकतानुसार आवृत्ति-विश्लेषण कर प्राप्त निष्कर्षों की व्याख्या की गयी। एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों के आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण पर प्राप्तांकों के आधार पर खिलाड़ियों आध्यात्मिक बुद्धि के अनुसार तीन वर्गों- उच्च, सामान्य तथा निम्न स्तर में बाँटा गया। एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों के लिए 3×2 तालिका निर्मित करते हुए आध्यात्मिक बुद्धि स्तर में खिलाड़ियों के वितरण के काई वर्ग के मान का परिकलन किया गया। एकल खेल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों के निम्न आध्यात्मिक बुद्धि स्तर में आवृत्ति 5 से कम होने पर 'येट्स संशोधन' किया गया है।


### प्रदत्त विश्लेषण एवं निष्कर्ष
शोध परिकल्पना 'विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि में सार्थक भिन्नता पायी जाती है' के परीक्षण हेतु शून्य परिकल्पना 'विद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि में सार्थक भिन्नता नहीं पायी जाती है' की रचना की गयी।

**तालिका 1:** विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि

| क्र.सं. | आध्यात्मिक बुद्धि स्तर | खिलाड़ियों का स्तर | | योग | काई वर्ग का परिकलित मान* |
|---|---|---|---|---|---|
| | | *विद्यालय* | *विश्वविद्यालय* | | |
| 1. | उच्च | 34 | 50 | **84** | **0.751**** |
| 2. | सामान्य | 18 | 32 | **50** | |
| 3. | निम्न | 4 | 4 | **8** | |
| **योग** | | **56** | **86** | **142** | |

मुक्तांश 2 व .05 के विश्वास स्तर पर काई वर्ग तालिका मान = 5.991

* येट्स संशोधन के पश्चात् **सार्थक नहीं




**स्तम्भ चित्र:** विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि (प्रतिशत में)

उपर्युक्त तालिका 4.3 विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों में आध्यात्मिक बुद्धि के वितरण से सम्बन्धित है। इस तालिका के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों के आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण से प्राप्त आध्यात्मिक बुद्धि के तीन स्तरों- उच्च, सामान्य एवं निम्न में वितरण का परिकलित काई वर्ग मान मुक्तांश 2 व .05 के विश्वास स्तर पर काई वर्ग के तालिका मान से कम है, इसलिए शून्य परिकल्पना 'विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि में सार्थक भिन्नता नहीं पायी जाती है' स्वीकृत होती है और शोध परिकल्पना 'विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि में सार्थक भिन्नता पायी जाती है' अस्वीकृत होती है। अर्थात् विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एवं एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि में सार्थक भिन्नता नहीं पायी जाती है।

**निष्कर्ष विवेचना**

विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि से सम्बन्धित मूल प्राप्तांकों का साँख्यिकीय विश्लेषण करने पर यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि में सार्थक भिन्नता नहीं पायी जाती है। विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों में आध्यात्मिक बुद्धि के वितरण की पद्धति एक समान या एक जैसी है। सम्बन्धित तालिका एवं स्तम्भ चित्र के अध्ययन से यह भी पता चलता है कि विद्यालय एवं विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों में से विद्यालय में अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की तुलना में उच्च आध्यात्मिक बुद्धि की अधिकता है। सामान्य स्तर की आध्यात्मिक बुद्धि की अधिकता विश्वविद्यालय स्तर के खिलाड़ियों में अधिक है। हालांकि एकल खेल खेलने वाली दोनों स्तर के खिलाड़ियों में निम्न आध्यात्मिक बुद्धि व्यक्त हुई है फिर भी तुलनात्मक रूप से विद्यालय में अध्ययनरत एकल खेलों के खिलाड़ियों में निम्न आध्यात्मिक बुद्धि अधिक व्यक्त हुई है।

विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनतर एकल खिलाड़ियों द्वारा पूरित आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षणों का सूक्ष्मता से अध्ययन करने पर यह पता चलता है कि उच्च आध्यात्मिक बुद्धि का प्रदर्शन करने वाली अधिकांश एकल खेल के खिलाड़ियों ने आध्यात्मिक बुद्धि के अवयवों- विवेकशीलता, आत्मसम्मान, मूल्य चेतना, आत्म चेतना तथा विश्वास के आधार पर विद्यालय की अपेक्षा विश्वविद्यालय पर अपेक्षानुरूप श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। जबकि औसत आध्यात्मिक बुद्धि का प्रदर्शन करने वाली ज्यादातर खिलाड़ियों में आध्यात्मिक बुद्धि के अवयवों- विश्वास, आत्म चेतना, आत्मसम्मान, विवेकशीलता के आधार विद्यालय की अपेक्षा विश्वविद्यालय पर अपेक्षानुरूप श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। लेकिन निम्न आध्यात्मिक बुद्धि का प्रदर्शन करने वाली अधिकांश खिलाड़ियों में आध्यात्मिक बुद्धि के अवयवों- आत्म चेतना, आत्मसम्मान के आधार पर विश्वविद्यालय की अपेक्षा विद्यालय पर अपेक्षानुरूप श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

**शैक्षिक निहितार्थ**

आध्यात्मिक बुद्धि से खिलाड़ियों की एकाग्रता क्षमता, अपने स्वयं पर विश्वास, निर्भयता का विकास होता है। आध्यात्मिक बुद्धि के उच्च होने पर उसमें प्रेम, दया, दयालुता, क्षमा, सहानुभूति इत्यादि ज्यादा पाये जाते हैं एवं नकारात्मक भावों जैसे- क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष, नफरत, आक्रामकता पर बेहतर नियंत्रण की क्षमता होती है। जिन खिलाड़ियों में औसत आध्यात्मिक बुद्धि पायी गयी है उनका आध्यात्मिक रूप से बौद्धिक विकास करने के लिए भी इस पर प्रयास किये जा सकते हैं। ऐसे खिलाड़ियों को उनकी विशेषताओं से परिचित कराना चाहिए। खिलाड़ी में खेलते समय क्या-क्या गुण पाए जाते हैं, उनका अवलोकन कराना चाहिए। उच्च आध्यात्मिक बुद्धि स्तर वाले खिलाड़ियों की एकाग्रता अच्छी होती है, ये अपने से अच्छे खिलाड़ी से आगे बढ़ने की अपेक्षा करते हैं। यह इनकी सृजनात्मक विशेषता (गुण) है। यदि औसत आध्यात्मिक बुद्धि वाले खिलाड़ियों को इस प्रकार प्रेरित किया जाये तो वे भी अपनी आध्यात्मिक बुद्धि के विकासार्थ उपयोगी गतिविधियों में भाग लेने की कोशिश कर सकते हैं। इसके लिए उनके अन्दर और अधिक आत्मविश्वास, आत्मसम्मान एवं उपलब्धि के प्रति अभिप्रेरणा बढ़ाने की जरूरत है।

विद्यालय एवं विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली जिन खिलाड़ियों में आध्यात्मिक बुद्धि की कमी पायी गयी है उनके लिए कई प्रयास करने जरूरी हैं जैसे- उनके लिए सर्वप्रथम प्रेम पूर्ण व्यवहार करना, व्यायाम करवाना, छोटी-छोटी बातों में प्रोत्साहित करना। उन्हें उनकी रूचि के अनुरूप खेलने देना तत्पश्चात् खेल में तकनीकों का प्रयोग कैसे करना है यह बताना। इससे उसकी, विवेकशीलता, एकग्रता क्षमता का विकास होगा। यदि खिलाड़ी में प्रेम, क्षमा, दया, दयालुता होगी तब ही उसकी आध्यात्मिक बुद्धि में विकास हो सकेगा। निम्न आध्यात्मिक बुद्धि वाले खिलाड़ी को आरम्भ में पुरस्कार आदि के माध्यम से प्रेरित किया जा सकता है। इसके लिए टेलीविजन पर प्रसारित प्रेरणात्मक कार्यक्रमों का भी उपयोग किया जा सकता है।

इस शोध में विद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत एकल खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि में सार्थक भिन्नता नहीं पायी गयी है। तुलनात्मक रूप से एकल खेल खेलने वाले खिलाड़ियों के अधिक व्यापक न्यादर्श पर या प्रस्तुत अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण के अतिरिक्त किसी अन्य उपकरण का उपयोग करते हुए अध्ययन के इस निष्कर्ष की जाँच की जा सकती है।

**सन्दर्भ**


1. डेविस, सिंथिया, स्पिरिचुअल इंटेलिजेंस डेफिनिशंस, माइंडवाइज़ वेब साइट, ऑनलाइन एवेलेबल फ्रॉमः http://64.233.183.104/search?q=cache: SolUfKW0ngJ:© International Journal of Human Sciences ISSN: 1303-5134 www.InsanBilimleri.com/en 2004
2. खलील, ए खवारी, स्प्रीचुअल इन्टेलीजेन्स: अ प्रेक्टिकल गाइड टू पर्सनल हैपीनेस। व्हाइट माउण्टेन पब्लिकेशन्स, कोबाल्ट ओन्टेरियो।
3. कुमारी, नीरू एवं अन्य। आध्यात्मिक बुद्धि परीक्षण, विवरणिका, शिक्षा संकाय, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान, 2014।
4. लेविन, एम., स्पिरिचुअल इंटेलिजेंस, अवेकनिंग दा पावर ऑफ़ योर स्पिरिचुअलिटी एंड इंटुइशन, लंदन: होड्डेर – स्टौघ्टन, 2000।
5. मिश्रा, मुरलीधर एण्ड गुप्ता स्वाति अ स्टडी ऑफ़ टीचर एफीकेसी ऑफ़ मेल एण्ड फिमेल स्कूल टीचर्स इन रेफेरेन्स टू देयर स्प्रीचुअल इन्टेलीजेन्स, गोल्डन रिसर्च थोट्स, 2014, 02 (09), 35-38।
6. मिश्रा, मुरलीधर एण्ड गुप्ता स्वाति, अ स्टडी ऑफ़ टीचर एफीकेसी ऑफ़ रूरल एण्ड अर्बन स्कूल टीचर्स इन रेफेरेन्स टू देयर स्प्रीचुअल इन्टेलीजेन्स, इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ़ रिसर्च, 2014, सेप्टेम्बर, 01(08), 129-135।
7. मिश्रा, मुरलीधर एण्ड गुप्ता स्वाति, अ स्टडी ऑफ़ टीचर एफीकेसी ऑफ़ गवर्नमेंट एण्ड प्राइवेट स्कूल टीचर्स इन रेफेरेन्स टू देयर स्प्रीचुअल इन्टेलीजेन्स, एक्सप्रेशनः अ जर्नल ऑफ़ सोशियल साइन्स, 2014 अ, अक्टूबर, 01(01), 13-16।
8. मिश्रा, मुरलीधर एवं शर्मा, उर्वशी, एकल तथा सामूहिक खेल खेलने वाले खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि की तुलनात्मक अध्ययन, लोकमान्य शिक्षक, 2014, 43, 40-46।
9. शर्मा, उर्वशी एवं मिश्रा, मुरलीधर, विद्यालय तथा विष्वविद्यालय स्तर पर अध्ययनरत सामूहिक खेल खेलने वाली खिलाड़ियों की आध्यात्मिक बुद्धि की तुलनात्मक अध्ययन 2016; 6(3):59-66. Journal DOI: 10.9780/22307850.

10. सिम्पकिंस, क्लाइव. स्पिरिचुअल इंटेलिजेंस डेफिनिशंस, माइंडवाइज़ वेब साइट, ऑनलाइन, एवेलेबल फ्रॉम: http://www.mindwise.com.au/spiritual_intelligence.shtml+%22Cynthia+R.+Davis%22%2B%22sq%22&hl=tr&gl=tr&ct=clnk&cd=2, [Accessed 15 May 2006], 2004.
11. सिस्क, डी. ए. टॉरेंस, ई.पी. । स्पिरिचुअल इंटेलिजेंसः डेवलपिंग हायर कांशसनेस, बफेलो, न्यूयार्क. क्रिएटिव एजुकेशन फाउंडेशन, 2001।
12. सिस्क, डोरथी, एंगेजिंग दा स्पिरिचुअल इंटेलिजेंस ऑफ़ गिफ्टेट स्टूडेंट्स टू बिल्ड ग्लोबल अवरनेस न दा क्लासरूम, रोअपेर रिव्यू, 2008, 30, 24-30।
13. वॉघन, एफ., व्हाट इज स्पिरिचुअल इंटेलिजेंस? जर्नल ऑफ़ हुमनिस्टिक साइकोलॉजी, सेज पब्लिकेशन्स, 2003, 42 (2), 16-33।
14. ज़ोहर, डी. एण्ड मार्शल, आई., एसक्यू: स्पिरिचुअल इंटेलिजेंस: दा अल्टीमेट इंटेलिजेंस, लंदन, रूब्लूम्सबरी, 2000।
15. ज़ोहर, डी. एण्ड मार्शल, आई., स्पिरिचुअल इंटेलिजेंस, बेंरेटट-कोहलेर पब्लिशर्स, आई. सेन फ्रांसिस्को, 2000।